भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3997**

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

**दमन में राष्ट्रीय राजमार्ग**

3997. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेलः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दमन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पहला राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कब पूरा हुआ है;

(ख) निर्माण के समय से अब तक वर्ष-वार उक्त राजमार्ग की कितनी बार मरम्मत की गई है;

(ग) इस राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत कब हुई थी और उक्त राजमार्ग की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या इस राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत के लिए कोई निविदा जारी की गई है और यदि हां, तो ये कार्य कब तक शुरू और पूरा होने की संभावना है;

(ङ) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ-साथ दमन की गंगा नदी पर कोई पुल बनाया जा रहा है और यदि हां, तो क्या कोई निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है; और

(च) यदि हां, तो इसके कब तक शुरू होने और पूरा होने की संभावना है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। सरकार यातायात आवश्यकताओं, पारस्परिक प्राथमिकता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास के कार्यों को मंजूरी देती है। एनएच-848बी और एनएच-251 दमन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः दमन और दीव से गुजरते हैं। सरकार ने एनएच-848बी और एनएच-251 के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए क्रमशः 10.02 किमी और 11.77 किमी लंबाई के कार्यों को मंजूरी दी है, जिनके पूरा होने की निर्धारित तिथि क्रमशः 30.03.2026 और 16.02.2025 है।

(ड.) जी, नहीं।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

*****